आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 15.05.2026**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की।

2—मुख्यमंत्री ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और जरूरत के अनुसार ही पेट्रोल—डीजल लेने की अपील की।

3—आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज रायपुर मे वॉकाथन का आयोजन किया गया।

और

4—मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम मानसून के छब्बीस मई को केरल तट पर पहुंचने की संभावना जताई—प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने के आसार।

-----------

**पेट्रोल—डीजल कीमत**

दुनियाभर में कच्चे तेल की कीमतों में आए उछाल के बाद तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है। दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत संतानवे रुपये सतहत्तर पैसे प्रति लीटर, जबकि डीजल की कीमत नब्बे रुपये सड़सठ पैसे प्रति लीटर हो गई है। वहीं, राजधानी रायपुर में पेट्रोल के दाम एक सौ तीन रूपए अंठावन पैसे और डीजल के दाम छियानवे रूपए संतावन पैसे हो गए हैं।

**मुख्यमंत्री–पेट्रोल/डीजल**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेषवासियों से पेट्रोल और डीजल की उपलब्धता को लेकर चिंता नहीं करने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडारण उपलब्ध है और प्रदेष के सभी ऑयल डिपो में नियमित रूप से ईंधन की आपूर्ति की जा रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार और ऑयल कंपनियां आपसी समन्वय के साथ स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने भी ईंधन आपूर्ति को लेकर जरूरी तैयारियां की हैं और किसी तरह की समस्या नहीं है।

इस बीच, राज्य की खाद्य सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा है कि आम लोगों द्वारा पिछले दो दिनों में पेट्रोल–डीजल की पैनिक खरीदी की गई है, जिससे इसकी खपत में अप्रत्याशित वृद्धि दर्ज हुई है। इस कारण कुछ स्थानों पर कृत्रिम अभाव की स्थिति निर्मित हो गई है। उन्होंने लोगों से किसी भी तरह की अफवाह या घबराहट की स्थिति में पेट्रोल–डीजल की खरीदी नहीं करने की अपील की है।

उधर, गरियाबंद कलेक्टर ने पेट्रोल–डीजल के वितरण को लेकर निर्देश जारी किए हैं। इसके अनुसार दोपहिया वाहन में तीन सौ रूपए और चारपहिया वाहन में अधिकतम एक हजार रुपये तक पेट्रोल देने की सीमा तय की गई है।

**केन्द्रीय सचिव–दौरा**

केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग के सचिव नरेंद्र भूषण के नेतृत्व में उच्च–स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने धमतरी जिले के मगरलोड विकासखंड का दौरा कर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत वाटरशेड विकास परियोजनाओं का निरीक्षण किया। वहीं, केन्द्रीय सचिव ने सांकरा गांव में वाटरशेड विकास घटक और मनरेगा के

अंतर्गत निर्मित स्टॉप डैम का भी अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल ने सौंगा गांव में पांच एकड़ के वृक्षारोपण स्थल का भी दौरा किया, जहां एक हजार से अधिक अमरूद और नींबू के पेड़ लगाए गए हैं।

इसी तरह, केन्द्रीय सचिव ने धमतरी में **''नक्शा प्रोजेक्ट''** की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रोजेक्ट का क्रियान्वयन समय–सीमा में पूरा करने और सर्वे टीमों की संख्या बढ़ाने के निर्देश कलेक्टर को दिए।

## वॉकाथन

आकाशवाणी के नब्बे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर मे आकाशवाणी केन्द्र द्वारा वॉकथन का आयोजन किया गया। इसमे आकाशवाणी के कर्मचारी, सेवानिवृत्त अधिकारी, समाचार वाचक, श्रोता और शहर के प्रमुख नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूरदर्शन रायपुर के उप महानिदेशक संजय कुमार मिश्रा थे। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने कहा कि भारत की राष्ट्रीय यात्रा में आकाशवाणी भागीदार रहा है और आकाशवाणी ने समय के साथ बदलाव को अपनाया है।

कार्यक्रम में विषेश अतिथि के रूप मे पत्र सूचना कार्यालय रायपुर के उप निदेशक रमेश जयभाय और माय भारत के क्षेत्रीय प्रमुख अर्पित तिवारी शामिल हुए।

वॉकाथन आज सुबह लगभग सात बजे सिविल लाइंस स्थित आकाशवाणी भवन से शुरू हुआ। यह शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आकाशवाणी परिसर में ही समाप्त हुआ। आकाशवाणी केन्द्र रायपुर के उप महानिदेशक वी. राजेश्वर ने बताया कि यह आयोजन आकाशवाणी के गौरवशाली नब्बे वर्षों के सफर को यादगार बनाने के लिए किया गया है।

**नीट–परीक्षा तिथि**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए इक्कीस जून को नीट–यूजी दो हजार छब्बीस परीक्षा दोबारा आयोजित करेगी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता हैं और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री प्रधान ने कहा कि एनटीए ने मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट–यूजी दो हजार छब्बीस परीक्षा दोबारा इक्कीस जून को आयोजित करने की घोषणा की है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में ओएमआर मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी।

**परीक्षा में थोड़ा हमको जो उनकी फोर्मलटीज है। ओएमआर सीट को दस्तखत करना, आरंभ में करना, अंत में भी एक बार करना उसमें हमारे विद्यार्थियों के कोर टाइम में कटौती हुई थी। दो से पांच एग्जामिनेशन टाइम था। उसको ध्यान में रखते हुए एनटीए ने तुरंत निस्पत्ति किया है। उसको और 15 मिनट बढ़ाए। दो से शुरू होगा और पांच–पंद्रह तक ये परीक्षा का समय बढ़ाया जाएगा। इस बार का एडमिट कार्ड 14 जून तक सभी को पहुंच जाएगा।**

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अपनी पसंद का शहर चुनने का अवसर मिलेगा।

**कृषि विश्वविद्यालय–दीक्षांत समारोह**

रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय का ग्यारहवां दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया गया। समारोह में राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विभिन्न संकायों में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को तेरह स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक प्रदान किए। साथ ही एक सौ

अट्ठाईस शोधार्थियों को पी.एच.डी, पांच सौ अट्ठारह विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर और बारह सौ चौंतीस विद्यार्थियों को स्नातक की उपाधि प्रदान की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि आज कृषि परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। किसानों और युवाओं को भी आधुनिक और उन्नत खेती की ओर बढ़ना चाहिए।

वहीं, मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से ड्रोन, एआई और डिजिटल तकनीकों को खेती से जोड़कर किसानों और वैज्ञानिकों के बीच सेतु बनने का आव्हान किया।

समारोह में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, नई दिल्ली स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के पूर्व निर्देशक डॉक्टर अशोक कुमार सिंह और कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल उपस्थित थे।

## दिव्यांशु देवांगन–स्वर्ण पदक

रायगढ़ जिले के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्यांशु देवांगन ने मिस्र में आयोजित जूनियर वर्ल्ड कप की दस मीटर एयर राइफल मिक्स्ड डबल्स स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता है। इस उपलब्धि के लिए वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने दिव्यांशु को फोन कर बधाई दी है। उन्होंने विश्वास जताया कि दिव्यांशु भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश और प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

## बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश के समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' के तहत इस बार **गर्मी के मौसम में लू से बचाव और सावधानी पर स्वास्थ्य विभाग की एकीकृत रोग निगरानी परियोजना रायपुर के अधिकारी डॉक्टर विमल किशोर रॉय** से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इसका प्रसारण कल सोलह मई को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## <u>रेलवे–पर्यावरण दिवस अभियान</u>

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में आज से पर्यावरण दिवस अभियान शुरू हो गया है। मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों–कर्मचारियों को पर्यावरण बचाने के लिए दैनिक जीवन में हरसंभव प्रयास करने बदलाव लाने और पर्यावरण के अनुकूल आदतों तथा व्यवहार के महत्व को समझाते हुए शपथ दिलाई। यह अभियान पांच जून तक चलेगा।

## <u>मौसम</u>

मौसम विभाग ने दक्षिण पश्चिम मानसून के छब्बीस मई को केरल तट पर पहुंचने की संभावना जताई है। इस बीच, छत्तीसगढ़ में अगले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है। मौसम विभाग के मुताबिक सत्रह मई से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है।

आज सुबह मौसम का मिजाज बदलने के कारण राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कुछ जिलों में तेज हवा के साथ तेज बारिष हुई। इससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>